तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रतन भूमि
रायपुर, गुरुवार 24 अप्रैल 2025

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

13 मैनपुर ब्लाक के भालूकोना में चेक डेम निर्माण होने से जलस्रोत में हुई वृद्धि

14 हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने जपं सभापति करवा रहे सर्वे





छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# पहलगाम आतंकी हमले पर आक्रोश और शोक की लहर, दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर की वादियों को एक बार फिर आतंक की गोलियों ने लहूलुहान कर दिया। पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने पहलगाम में घूमने आए हिन्दू पर्यटकों को निशाना बनाकर निर्मम हत्या कर दी। इस हृदयविदारक घटना से पूरे देश में शोक और आक्रोश की लहर दौड़ गई है।

घटना के विरोध और शहीदों को श्रद्धांजलि देने मंगलवार शाम गरियाबंद के तिरंगा चौक पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। सैकड़ों की संख्या में आम नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी, महिलाएं व युवा एकत्र हुए। हाथों में मोमबत्तियां, आंखों में आंसू और दिलों में पीड़ा लिए लोगों ने मौन श्रद्धांजलि दी।

सभा में आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई गई और पीड़ित परिवारों के लिए प्रार्थना की गई। सभा में बोलते हुए मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने कहा कि मैं एक पिता हूं, और जब मैंने सुना कि एक मासूम बच्चे ने अपनी मां को अपनी आंखों के सामने दम तोड़ते देखा, तो मेरा दिल बैठ गया। हम यहां सिर्फ मोमबत्तियां जलाने नहीं आए हैं, हम यह संदेश देने आए हैं कि हिन्दू समाज अब जाग चुका है, अब हर आंसू का हिसाब लिया जाएगा। लोगों ने इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा करते हुए केंद्र सरकार से दोषियों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही, कश्मीर घाटी में हिन्दू पर्यटकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की। सभा में मौजूद सभी वर्गों के लोगों ने कहा कि यह हमला न केवल धार्मिक असहिष्णुता का उदाहरण है, बल्कि मानवता के खिलाफ जघन्य अपराध है। अब वक्त आ गया है कि देश एक स्वर में आतंक के खिलाफ खड़ा हो।

**हिन्दू पर्यटकों की हत्या के खिलाफ गरियाबंद में उमड़ा जनसैलाब**




## खबर संक्षेप

### संत शिरोमणी सेन महाराज की जयंती 26 को

**नवापारा-राजिम।** नवापारा नगर सेन समाज एवं सेलुन संघ द्वारा संत शिरोमणी सेन जी महाराज की जयंती एवं सेन समाज का 20वां स्थापना दिवस 26 को नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू के मुख्य आतिथ्य में मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संरक्षक गोविंद सेन,शंकर सेन ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता संतुराम सेन अध्यक्ष नगर सेन समाज नगर सेलुन संघ द्वारा किया जाएगा। विशेष अतिथि के रूप में पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सभापति निर्मला-धीरज साहू, रवि साहू, पूजा कंसारी, सचिन सचदेव, सहदेव कंसारी, केकती सोनवानी, जागेश्वर यादव, लोमेश्वरी साहू, नम्मू ध्रुव, भारत सोनकर, जीना निषाद मौजूद रहेंगे। यह कार्यक्रम नेहरू गार्डन के पास सामुदायिक भवन में पांच कुण्डीय यज्ञ के साथ सुबह 8:30 बजे शुरू होगा। दोपहर 12 बजे सम्मान समारोह एवं मंचीय कार्यक्रम होगा।

### जंगल की सुरक्षा के लिए सीपीटी की खुदाई का काम हुआ शुरू



**मैनपुर।** गरियाबंद वनमंडल अन्तर्गत वनपरिक्षेत्र धवलपुर,नवागढ़, मैनपुर में जंगल की सुरक्षा के लिए सड़क किनारे सीपीटी गड्ढा खुदाई कार्य इन दिनो तेज गति से किया जा रहा है। वनविभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार सीपीटी गड्ढा खोदाई करने से जंगल की सुरक्षा में मदद मिलती है।

### प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री से देश को आतंकवाद से मुक्त कराने की करी मांग

# जम्मू कश्मीर के आतंकी हमले पर फूटा आक्रोश कायराना हरकत पर देंगे मुंहतोड़ जवाब

> जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटना को लेकर दोनो शहर नवापारा-राजिम सहित पूरे ग्रामीण क्षेत्र में लोगो में भयंकर आक्रोश भरा हुआ है। हर कोई यह कह रहा है कि यह कायराना हरकत है उसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

जम्मू एवं कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरा देश मातम में है। सभी पार्टी एवं वर्ग के लोगों ने आतंकियों के कायराना करतूत को निंदा की है। पर्यटकों की बेरहमी से हुई हत्या को ढाई दशक सबसे बड़ी घटना है। पूरा देश इस निर्मम एवं जघन्य घटना से आक्रोशित है। कई पर्यटकों की मौत और 2 दर्जन से अधिक लोग घायल है। घटना को अंजाम देकर फरार आतंकी को मार गिराने में सुरक्षाबल ने अभियान छेड़ दिया है। नवापारा एवं राजिम क्षेत्र के राजनैतिक दल, समाजसेवी, शिक्षा जगत के लोग, व्यापारीगण, एवं सभी वर्गों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इस घटना की कठोर शब्दों में निंदा की है। एवं मुहतोड़ जवाब की मांग की है। मृत लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना एवं घायल हुए पर्यटकों के शीघ्र स्वास्थ्यलाभ को कामना की है।

#### मुस्लिम समाज ने की निंदा




नवापारा मुस्लिम समाज के अध्यक्ष अल्तमश सिद्दीकी सहित समाज के वरिष्ठो जिसमें शफीक खान,हाजी यूनुस चांगल,हाजी गुलाम खोखर, बशीर चांगल, हाजी बिलाल रिजवी, नुरुल रिजवी,नवाब वारसी, मुख्तियार खान, साजिद चांगल, अशरफ चौहान, गुलजार रिजवी, हाजी निजाम खोखर, मजहर खान,शादाब रिजवी,हनीफ चांगल, सुबराती खोखर सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगो ने पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए कायराना हमले पे गहरा दुःख व्यक्त किया है। कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने जो कायराना हरकत की है उसकी जितनी भी निंदा की जाए वो कम है।

#### कायराना करतूत



नवापारा के पूर्व नपा उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जीत सिंग ने घाटी में पर्यटकों पर हुए हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमले की बहुत ही कठोर शब्दों में निंदा करता हूं। बेकसूर पर्यटकों की निर्मम हत्या आतंकियों को कायराना करतूत है। आतंकियों में नापाक मंसूबे कभी भी सफल नहीं होंगे। सुरक्षाबल एवं जवान इस कायराना हरकत का जवाब अवश्य देंगे। देश के लिए खराब मंसूबे रखने वालों को कभी बक्शा नहीं जाएगा।

#### श्रद्धासुमन अर्पित की



राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने पहलगाम में हुई हिंदुओं निर्मम हत्या पर भारी दुख प्रकट किया है। मृत लोगों को श्रंद्धाजलि एवं श्रद्धासुमन अर्पित की है। श्री यादव ने कहा कि आतंकियों की जघन्य कृत्य माफी योग्य नहीं है। जम्मू कश्मीर में सुरक्षा एवं विश्वास के वातावरण के बहाली से हताश आतंकियों ने इस कायराना कृत्य को अंजाम दिया है। इसके पीछे जो भी लोग होंगे उन्हें भारतीय जवान एवं सुरक्षाबल सजा अवश्य देंगे।

#### पूरा देश दुखी व क्रोधित



योगिता सिन्हा ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में भारतीय पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को निंदनीय एवं अक्षम्य बताया। श्रीमती सिन्हा ने कहा कि घाटी में आतंकियों द्वारा धर्म पूछकर किए निर्मम नरसंहार से पूरा देश बहुत ही दुखी एवं क्रोधित है। आतंकियों के नापाक मंसूबे कभी भी पूरे नहीं होगे। घटना के पीछे जो भी लोग होंगे उन्हें उनकी करतूत की सजा मिलनी चाहिए। आतंकवाद से लड़ने का भारत का संकल्प अडिग है। बेगुनाह भारतीय पर्यटकों को निर्मम हत्या से मन दुखी है। दुख की इस घड़ी में मृतक के परिजनों एवं शोक संतृप्त परिवार के प्रति शोक एवं संवेदना व्यक्त करती हूं। घटना में घायल लोगों के शीघ्र ठीक होने की कामना करती हूं।

#### पहलगाम आतंकी हमले की विवेक शर्मा ने घोर भर्त्सना



राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी विवेक शर्मा ने कहा कि बहुत दुःखद समाचार है कि पहलगाम में कायर आतंकवादियों ने निहत्थे पर्यटकों पर बेरहमी से हमला किया है। यह कायराना हरकत अत्यंत ही दुःखद, निंदनीय और हृदय विदारक है।

मैं इसकी घोर भर्त्सना करता हूं। अभी तक ज्ञात सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लगभग 26 से अधिक पर्यटकों की निर्मम हत्या की सूचना है। यह एक घोर अमानवीय और कायराना हरकत है, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। हम सभी निर्दोष मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं अब समय आ गया है कि पूरा देश एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठाए।

#### कायराना कारतूत



नवापारा नगर के वरिष्ठ शिक्षाविद बलराम देवांगन ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए भारतीय पर्यटकों की हत्या को आतंकियों की कायराना करतूत बताया है। उन्होंने कहा कि कट्टरपंथियों की यह कायराना करतूत क्षमा योग्य नहीं है। इस घटना के पीछे जो भी लोग है उनको उनके किए की सजा भारत सरकार एवं सुरक्षाबल अवश्य देंगे।


#### पूरा देश परिवार के साथ



गोबरा नवापारा की नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने आतंकियों के जघन्य अपराध की बहुत ही कठोर शब्दों में निंदा की। दुख की इस घड़ी में आज पूरा देश शोक संतप्त परिवार के साथ है। घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करती हूं। आतंकियों के नापाक इरादे कभी भी पूरे नहीं होंगे। देश में स्थापित सुख एवं शांति को चोट पहुंचाने की कोशिश नाकाम होगी। जम्मू में हुए जघन्य घटना से लोग दुखी एवं क्रोधित है।

### खड़ी हाईवा से बाइक टकराई, घायल की उपचार के पहले मौत

**नवापारा-राजिम।** सोनेसिल्ली के महेश्वर साहू उम्र 24 वर्ष की अकाल मौत हाइवा में टकराने से हो गई। जानकारी के मुताबिक ये युवक सोमवार की रात 9 बजे अभनपुर के पास उरला के एक कंपनी में काम में जाने के लिए रात 9 बजे अपने बाइक से निकला था कि पिपरौद के पास सड़क किनारे खड़े हाइवा में वह जाकर टकरा गया। इस घटना में उसे बुरी तरह से चोट आई। नवापारा अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया।



> ■ सड़क पर वाहन पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग

प्रत्यक्षदर्शियो के मुताबिक इस दुर्घटना में युवक का सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सो में गंभीर चोट आई थी। मंगलवार को पीएम के बाद शव को परिजनो को सौंप दिया गया। बताया गया है कि यह अपने परिवार का एकलौता बेटा था। इस दुर्घटना का मुख्य कारण पिपरौद के आसपास चल रहे नाजायज तरीके से ढाबों के कारण हुआ है। इन ढाबो में खाना खाने के लिए ढेर सारे हाइवा जो रोज रेत भरकर आते-जाते है पाई में खड़े करने के बजाए सड़क के ऊपर खड़े करते है और वो भी सड़क के दोनो तरफ। नेशनल हाइवे होने के कारण रायपुर-राजिम मार्ग पर सुबह से लेकर देर रात तक सैकड़ो की संख्या में चारपहिया वाहनो सहित यात्री गाड़ियां, मालवाहक वाहन व दुपहिया सवार यहां से गुजरते है। कभी-कभी तो एक साथ कई गाड़ी इस प्वाइंट पर आमने-सामने हो जाती है।

बाइक सवारो को तेज रोशनी में खड़ी गाड़ी दिखता भी नही। अधिकतर हाइवा वाहनो के नंबर प्लेट का कोई ठिकाना नही रहता। उनका नंबर दिखता ही नही और न ही कोई रिपलेक्टर अथवा एंडीकेटर ही जलाकर रखा जाता है। परिणाम स्वरूप लोगो को धोखा हो जाता है और दुर्घटना हो जाती है। यह दुर्घटना भी इसी का नतीजा है। लोगो ने सड़क में खड़े करने वाले हाइवा वाहनो सहित दिगर वाहनो के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग पुलिस प्रशासन से किया है।

### नवीन अंकुर महिला मंडल रायपुर ने किया कार्यक्रम का आयोजन

# नदीपारा में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस, हमारी शक्ति हमारा ग्रह थीम पर हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर से महज 1 कि.मी. की दुरी पर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला नदीपारा मैनपुर में 22 अप्रैल को पृथ्वी विज्ञान मंत्रलय , भारत सरकार द्वारा प्रायोजित पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसका थीम हमारी शक्ति हमारा ग्रह– नवीकरणीय ऊर्जा था। यह कार्यक्रम नवीन अंकुर महिला मंडल रायपुर के द्वारा आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुआ अक्षय ऊर्जा और धरती माता के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए नारा लेखन, कविता लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही पर्यावरण संबंधित जागरूकता संबंधी रैली निकाली गई जिसमें ऊर्जा बचाओ पृथ्वी बचाओ, हर घर सौर ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा एवं अच्छा जीवन जैसे कई नारे लगाए गए। चित्रकला प्रतियोगिता प्राथमिक वर्ग में प्रथम स्थान यामिनी पाड़े कक्षा चौथी प्राथमिक शाला नदीपारा, द्वितीय स्थान भूमिका कक्षा पांचवी प्राथमिक शाला नदीपारा एवं तृतीय स्थान प्रणव साहू कक्षा तीसरी इंग्लिश मीडियम स्कूल छुरा, चित्रकला प्रतियोगिता माध्यमिक वर्ग प्रथम स्थान मोक्ष साहू कक्षा सातवीं डीएव्ही स्कूल देहारगुड़ा, द्वितीय स्थान अन्वेशा नेताम कक्षा सातवीं डीएव्ही स्कूल देहारगुड़ा, तृतीय स्थान वेनु पटेल कक्षा छठवीं माध्यमिक शाला अचानपुर, चित्रकला प्रतियोगिता उच्चतर माध्यमिक वर्ग प्रथम स्थान पूर्व ठाकुर कक्षा नवमी डीएवी स्कूल देहारगुड़ा, द्वितीय स्थान भूमिका मरकाम कक्षा दसवीं डीएव्ही स्कूल देहारगुड़ा, तृतीय स्थान रघुवर पाड़े कक्षा दसवीं हाई स्कूल मैनपुर, कविता लेखन माध्यमिक वर्ग प्रथम स्थान आस्था सिंह डीएव्ही स्कूल देहारगुड़ा, उच्चतर माध्यमिक वर्ग प्रथम स्थान डिंपल बघेल कक्षा बारहवीं डीएव्ही स्कूल देहारगुड़ा, द्वितीय स्थान करीना पाड़े कक्षा दसवीं कन्या हाई स्कूल मैनपुर , नारा लेखन प्रथम स्थान भक्ति ⏭ शेष पेज 13 पर




#### धरती व पर्यावरण को बचाना बहुत जरूरी

इस कार्यक्रम की विशेष अतिथि हनीता नायक ग्राम पंचायत मैनपुर ने बताया कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, वनों की कटाई ये कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जो हमारे ग्रह को धीरे–धीरे नष्ट कर रहे हैं। इसलिए लोगों को जागरूक करने के लिए वैश्विक स्तर पर विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। मुख्य अतिथि श्रीमती गायत्री जगत प्रधान पाठक प्राथमिक शाला नदीपारा ने कहा कि इस पृथ्वी दिवस पर हम सभी को धरती को बचाने का संकल्प लेना चाहिए और इसे और भी हरा–भरा और बेहतर बनाने के लिए काम करना चाहिए। पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने के लिए इस धरती व पर्यावरण को बचाना बहुत जरूरी है। हमें प्रण लेना चाहिए कि हम प्रदूषण को कम करें और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। अतिथियों के द्वारा स्कूल प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया स कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उमाशंकर पाड़े के द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### गौ जन जागरण यात्रा प्रारंभ, जन-जन तक पहुंचकर गाय के महत्व पर डालेंगे प्रकाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

गौ सेवा आयोग के निर्देश में, अध्यक्ष विशेषर पटेल के मार्गदर्शन में गो जन जागरण यात्रा का शुभारंभ किया गया है, जो गांव-गांव पहुंचकर गाय के महत्व पर प्रकाश डालेंगे और लोगों को गोबर, गोमूत्र से बनने वाली दवाई और वर्तमान समय में गाय की प्रासंगिकता पर अपने विचार रखेंगे एवं गांव-गांव में संगोष्ठी एवं गो उत्पादन के पंपलेट वितरण करेंगे।

> ■ अपने-अपने क्षेत्र में गांव गो जन जागरण अभियान से जुड़ेंगे जनप्रतिनिधि

इस अवसर पर गौशाला समिति के सचिव शीतल ध्रुव ने जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर को डायरी एवं गो उत्पादन के पाम्पलेट प्रदान किया। इस गोजन जागरण यात्रा का शुभारंभ जिला पंचायत के कृषि सभापति लेखराज धुर्वा, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर एवं जनपद पंचायत के सीईओ सतीश चंद्रवंशी,पशु चिकित्सा केपी शर्मा ,सरपंच ⏭ शेष पेज 13 पर

# सुशासन तिहार में समाधान शिविर 5 से 21 मई तक, सीएम अचानक कहीं भी पहुंचेंगे शिविर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार का तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण चरण 5 मई से शुरू होकर 21 मई तक चलेगा। खास बात ये है कि इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय किसी भी जिले में आयोजित समाधान शिविर में अचानक पहुंचेंगे। वे वहां मांगों और शिकायतों की समीक्षा कर जायजा लेंगे। श्री साय प्रेस कांफ्रेंस भी करेंगे। राज्य शासन से लेकर जिला प्रशासन और स्थानीय निकायों से लेकर ग्राम पंचायतों तक इस अभियान को लेकर तैयारियां तेज कर दी गईं हैं।

## सरकार का दावा- एक माह में किया जाएगा निपटारा

### हर जिले की 8 से 15 पंचायतों के बीच समाधान शिविर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में प्रत्येक जिले की 8 से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य समाधान शिविर आयोजित होंगे। नगरीय निकायों में भी आवश्यकतानुसार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में आमजन को उनके आवेदन की स्थिति से अवगत कराया जाएगा तथा यथासंभव आवेदन का त्वरित निराकरण भी वहीं किया जाएगा। शेष समस्याओं का निराकरण एक माह के भीतर कर सूचना दी जाएगी।



### शिविरों में आमजनों से होगा संवाद

समाधान शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अभियान में सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारी स्वयं शिविरों में उपस्थित रहकर आमजन से संवाद करेंगे, और विकास कार्यों व योजनाओं से मिल रहे लाभ का फीडबैक लेंगे। साथ ही औचक निरीक्षण के माध्यम से चल रहे निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति और गुणवत्ता का भी मूल्यांकन किया जाएगा।

### लाखों आवेदन और शिकायतें आई हैं सामने

जनता-जनार्दन की समस्याओं के निदान और उनसे रूबरू मुलाकात के लिए सुशासन तिहार के तहत गांव-गांव, शहर-शहर आवेदन लिए जाने का सिलसिला जारी है। आम जनता से 11 अप्रैल तक लिए गए हैं। इस अभियान के तहत अब तक राज्य में कुल मिलाकर 46 लाख से अधिक आवेदन और शिकायतें सामने आई हैं। बताया गया है कि इनमें आवेदनों की संख्या सबसे अधिक है। उसके मुकाबले शिकायतें काफी कम हैं। ये आवेदन और शिकायतें ऑनलाइन माध्यम से, शिविरों के माध्यम से और शिकायत पेटियों में आए हैं।

### एक माह में होगा आवेदनों का निपटारा

सुशासन तिहार-2025 के तहत सभी प्राप्त आवेदनों की सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि कर संबंधित विभागों को सौंपा जाएगा, और एक माह के भीतर उनका निराकरण किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं का प्रभावी एवं त्वरित समाधान, शासकीय कार्यों में पारदर्शिता और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने पूर्व में ही सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे सुशासन तिहार के सुव्यवस्थित आयोजन और इसके अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों के तत्परता से निराकरण को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राज्य और जिला स्तर पर निराकरण की स्थिति और गुणवत्ता की समीक्षा भी की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ ने महापौर से की मुलाकात

रायपुर। महापौर मीनल चौबे से प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष संजय ऐडे सहित पदाधिकारियों ने मुलाकात कर अपनी प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर महापौर को 6 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा गया। इसमें नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों को निगम के माध्यम से सीधे वेतन भुगतान कराने की मांग की गयी। प्रमुख मांगें इस तरह -प्लेसमेंट कर्मचारियों को नगर निगम रायपुर से सीधे वेतन का भुगतान हो। प्रत्येक माह के 10 तारीख तक वेतन का भुगतान किया जाये। सभी प्लेसमेंट कर्मचारियों का पहचान पत्र कार्ड बनाया जाये। कलेक्टर दर से कम वेतन का भुगतान न किया जाये, वेतन कर्मचारी के बैंक खाते में ही किया जाये। प्लसमेंट कर्मचारियों से कार्यालयिन समय अवधि में ही कार्य लिया जाये। प्लेसमेंट कर्मचारियों के लिए शासन से स्वीकृत सेटअप अनुसार ही कर्मचारी रखा जाये। पदाधिकारियों से चर्चा के बाद महापौर मीनल चौबे ने संघ की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर सकारात्मक पहल करने आश्वस्त किया।

### भाजपा की आज विचार गोष्ठी पूर्व मंत्री निशीथ मुख्य वक्ता

रायपुर। भाजपा ने राजधानी के अटलबिहारी बाजपेयी ऑडिटोरियम, मेडिकल कॉलेज परिसर में डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान सभा के तहत एक विचार गोष्ठी का आयोजन रखा है। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री एवं युवा मामले व खेल मंत्री निशीथ प्रमाणिक मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया, कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, गुरु खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा व इंद्रकुमार साहू, महापौर मीनल चौबे, नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद और खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा भी अपने विचार रखेंगे।

### जिला शिक्षा अधिकारी खंडेलवाल से की मुलाकात



रायपुर। ग्रीष्म कालीन अवकाश में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने को निरस्त करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल से मंगलवार को मुलाकात की। इस मौके पर संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 15 जून तक घोषित आदेश है, ग्रीष्म कालीन अवकाश में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने पर अर्जित अवकाश की पात्रता होती है, जिससे शासन के ऊपर आर्थिक भार पड़ता है, भीषण गर्मी में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल अपने द्वारा जारी आदेश को निरस्त किया।

#### सड़कों और वृहद पुलों के कार्यों को भू-अर्जन के बाद डेढ़-दो वर्षों में पूर्ण करें

# एआई और नवीन तकनीक के उपयोग से खराब सड़कों का करें चिन्हांकन व मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को तेजी से कार्य करते हुए अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सड़कों, पुल-पुलियों एवं भवनों के काम पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर तेज और सुरक्षित यातायात पर जोर दिया। उन्होंने एआई और नवीन तकनीकों के उपयोग से खराब सड़कों की तुरंत पहचान के लिए सिस्टम तैयार करने को कहा। इससे सड़कों के संधारण एवं त्वरित मरम्मत में मदद मिलेगी। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में सड़कों और पुल-पुलियों के काम आगामी पांच साल की कार्ययोजना को ध्यान में रखते हुए त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों और वृहद पुलों के कार्यों को भू-अर्जन के बाद डेढ़-दो वर्षों में अनिवार्यतः पूर्ण करने को कहा। उन्होंने शहरों के नजदीक बनने वाले बाइपास और रिंगरोड में पर्याप्त संख्या में ओव्हरब्रिजों और अण्डरब्रिजों का निर्माण करते हुए इन्हें एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर विकसित करने के निर्देश दिए। इससे यातायात तेज और सुरक्षित होगा। मुख्यमंत्री ने भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर को विशाखापट्नम से जोड़ने बन रहे एक्सप्रेस-वे से रायपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने अच्छी गुणवत्ता के कनेक्टिंग-रोड्स बनाने के निर्देश दिए, ताकि इस एक्सप्रेस-वे का अधिक से अधिक लाभ राज्य के लोगों को मिल सके। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत और मुकेश बंसल, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वीके भतपहरी सहित सभी मुख्य अभियंता भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

### बस्तर में सड़क नेटवर्क को मजबूत करें

श्री साय ने पुल-पुलियों के रखरखाव एवं मरम्मत की प्रभावी व्यवस्था बनाने को भी कहा। उन्होंने इसके लिए आवश्यक प्रोटोकाल तैयार कर कड़ाई से अमल करने को कहा। उन्होंने खदान क्षेत्रों में सड़कों के मजबूतीकरण पर जोर दिया। उन्होंने बस्तर में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने वहां निर्माणाधीन सड़कों और पुल-पुलियों के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। नई सड़कों और पुलों के निर्माण से सुदूर वनांचलों के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को वर्तमान समय की जरूरतों और लाइफस्टाइल के अनुरूप सर्किट हाउसों और विश्राम गृहों को अपग्रेड करने के निर्देश दिए। उन्होंने इनके अच्छे रखरखाव के साथ ही साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को सुधारने को कहा।

### पांच-छह महीनों में होंगे ब्लैक-स्पॉट और जंक्शन सुधार कार्य

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में बताया कि नया रायपुर में निर्माणाधीन विधानसभा के नए भवन का 95 प्रतिशत सिविल एवं विद्युत यांत्रिकी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नए राजभवन का भी 60 प्रतिशत काम पूर्ण हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में सड़क सुरक्षा के कार्यों के लिए 106 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने आगामी पांच-छह महीनों में ब्लैक-स्पॉट और जंक्शन सुधार के कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे।

### तीन वर्षों में 30 हजार करोड़ के सड़क विकास के कार्यों पूरा करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बड़ी एवं महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए एक-एक डेडीकेटेड वरिष्ठ अधिकारी नामांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने एनएचएआई के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करने को कहा। उन्होंने आगामी तीन वर्षों में 30 हजार करोड़ रुपए के सड़क विकास के कार्यों को पूर्ण करने के लक्ष्य के साथ काम करने को कहा। उन्होंने नए बजट में प्रावधानित कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए शीघ्र ही उनके इस्टीमेट, डीपीआर और टेण्डर की कार्यवाही पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

# पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मिले बीज निगम अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने बुधवार को भाजपा के सबसे पुराने सदस्यों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना, इस दौरान उन्होनें वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया। चंद्राकर ने कहा कि पार्टी के संघर्ष के दौरान इन कार्यकर्ताओं ने अपने जीवन का अमूल्य समय पार्टी को खड़ा करने में दिया है। वर्तमान में भाजपा पार्टी विश्व की सबसे अधिक कार्यकर्ताओं वाली पार्टी है। यह इन्ही वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की मेहनत व संघर्ष का परिणाम है और भाजपा की सरकार देश के अधिकतम राज्यों तथा केंद्र में भी बन गई है। इन कार्यकर्ताओं के बनाए सिद्धांतों पर चलकर आज पार्टी का हर कार्यकर्ता देश सेवा के लिए तत्पर रहते है। चंद्राकर ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता ए. स्वामी डोरा वार्ड नंबर 9 रेलवे कॉलोनी निवासी जो पहले भाजपा की ओर से महासमुंद नगर पालिका के उपाध्यक्ष थे। गुरुद्वारा पारा निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता सुरजीत सिंह चावला, वरिष्ठ भाजपा नेता स्व हरिराम सोनवानी की पत्नी उर्मिला सोनवानी व उनके तीन बेटियों से मुलाकात की। इस दौरान चंद्राकर ने कहा कि पार्टी आपके सुख-दुख में सदैव आपके साथ है। ज्ञात हो कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कुशलक्षेम जानने की पहल चंद्राकर ने की है। मुलाकात के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता माधव राव टांकसाले, पूर्व भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, युवा मोर्चा महासमुंद अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री उपस्थित रहे।

# रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और भिलाई-दुर्ग की सड़कों पर 240 ई-बस जल्द उतरेंगी

तैयारियां तेज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई की सड़कों पर 240 ई-बस उतारने की तैयारियां तेज कर दी हैं। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत राज्य में ये ई-बसें संचालित की जाएंगी। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव की पहल पर शहरी आवागमन को बेहतर बनाने ई-बस सेवा के प्रभावी संचालन के लिए नगरीय प्रशासन विभाग एवं सूडा के अधिकारियों के क्षमता विकास के लिए आज एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। श्री साव ने ई-बस सेवा को प्रभावी रूप से लागू कर जल्द ही नागरिकों को प्रदूषणरहित बस सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसे धरातल पर उतारने केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के विशेषज्ञों और अधिकारियों ने नया रायपुर स्थित विश्राम भवन में विभिन्न सत्रों में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में राज्य के अधिकारियों को ई-बस सेवा के बेहतर संचालन के लिए तकनीकी जानकारियां प्रदान कीं।

### इस शहर में चलेंगी इतनी बसें

राज्य शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पाण्डेय ने प्रशिक्षण में कहा कि प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना नगरीय यातायात में मील का पत्थर साबित होगी। इससे लोगों को सस्ती और प्रदूषणरहित यात्रा सुलभ होगी। आज के इस प्रशिक्षण में ई-बस सेवा के संचालन के लिए तकनीकी जानकारियां दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में कुल 240 ई-बसें मुहैया कराई जा रही हैं। इनमें रायपुर के लिए 100, दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर के लिए 50-50 तथा कोरबा के लिए 40 ई-बसें शामिल हैं। चारों शहरों में बस डिपो, सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं बीटीएम पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए कुल 67 करोड़ 40 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। रायपुर को 27 करोड़ 23 लाख रुपए, दुर्ग-भिलाई को 17 करोड़ 75 लाख रुपए, बिलासपुर को 11 करोड़ 45 लाख रुपए तथा कोरबा को 10 करोड़ 97 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

#### कांग्रेस चलाएगी 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान

# प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में निकलेगी संविधान बचाओ रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक में निर्णय लिया गया कि एआईसीसी के निर्देशानुसार प्रदेश में भी 25 अप्रैल से 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान शुरू किया जायेगा। 25 अप्रैल को दुर्ग जिले से संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह तय किया गया कि 25 अप्रैल को दुर्ग जिले में संविधान बचाओ रैली के साथ प्रदेश के सभी जिलों में 3 से 10 मई तक संविधान बचाओ रैलियां निकाली जायेंगी। 11 से 17 मई तक प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली निकलेगी। 20 से 30 मई तक कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान को घर-घर लेकर जायेगी। श्री बैज ने कहा, संविधान बचाओ अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किये जा रहे लगातार हमलों, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के प्रणालीगत हनन का मुकाबला करना है। यह अभियान आम नागरिक की आवाज को बुलंद करेगा, जमीनी स्तर की चिंताओं को उजागर करेगा और हमारे संविधान में निहित मूल्यों पर फिर से जोर देगा। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी सचिव जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम शामिल रहे।

### हम लड़ने के लिए एकजुट : भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, अभियान के माध्यम से हम संविधान की रक्षा करने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों को बनाये रखने और हम भारतीय के अधिकारों, सम्मान और भविष्य के लिये लड़ने के लिये एकजुट हैं। हम इस देश के गरीबों के लिये अपनी लड़ाई में अडिग रहेंगे। उनके अधिकारों की वकालत करेंगे और उनकी आवाज को बुलंद करेंगे।

### प्रदेश के हर नागरिक तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हमारी : महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने कहा, दुर्ग जिले से संविधान बचाओ रैली प्रारंभ होगी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री, विधायक एवं पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के सभी पदाधिकारी संविधान बचाओ अभियान में शामिल होंगे। यह अभियान प्रदेश के एक-एक नागरिक तक ले जाने की जवाबदारी कांग्रेस के हर नेता की है।

#### हमारे डीएनए में ही है गलत के खिलाफ आवाज उठाना

# सुप्रिया ने केंद्र सरकार पर लगाए आरोप, कहा- देश में आधे सच और पूरे झूठ को जोर-शोर से फैलाने का चलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, देश में आधे सच और पूरे झूठ को जोर-शोर से फैलाने का चलन चल रहा है, इसलिए लगता है कि सच को समान ताकत और स्पष्टता के साथ बोला जाना चाहिए। मामले में देशभर में पत्रकार वार्ता करना बहुत जरूरी है। हम महात्मा गांधी की पार्टी हैं, इसलिए सत्य बोलते हैं। सच आखिरकार सामने आ ही जाता है। नेशनल हेराल्ड मामले में सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, राहुल गांधी और सोनिया गांधी का नाम कैसे जोड़ा, इसका खुलासा होना चाहिए। जब देश आजादी की लड़ाई लड़ रहा था, उस समय नेशनल हेराल्ड और नवजीवन जैसे अखबार ने आजादी के महानायकों की कहानी, सच्चाई छापी थी। जिस तरह ब्रिटिश सरकार नेशनल हेराल्ड से चिढ़ती थी, वैसे ही पीएम मोदी भी चिढ़ते हैं। उस समय नेशनल हेराल्ड फाइनेंशियल क्राइसेस से गुजर रहा था, उस समय कांग्रेस ने उन्हें 90 करोड़ का कर्ज दिया था। यह पैसा आर्थिक सहयोग के लिए था।

### भाजपा झूठ बोल रही है


उन्होंने कहा, भाजपा कहती है कि कांग्रेस पार्टी लोन कैसे दे सकती है, इसे लेकर इलेक्शन कमीशन में भी मामला चला था, तब भाजपा का झूठ बेनकाब हो गया था। एजेएल के 700 से ज्यादा शेयर होल्डर थे, जैसे आम लोग शेयर होल्डर होते हैं। हमने भी यंग इंडियन के तौर पर 761वां शेयर होल्डर बनाया। कानून के मुताबिक यंग इंडिया के शेयर होल्डर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मोतीलाल वोरा रहे। यंग इंडिया कंपनी नॉट प्रॉफिटेबल कंपनी है। यह भाजपा का झूठ है कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी पैसा बना रहे हैं, जबकि ऐसा होना संभव नहीं है। भाजपा ने झूठ बोला कि एजेएल के पास 5 हजार करोड़ की संपत्ति है, जबकि इंकम टैक्स ने यह क्लीयर किया था कि एजेएल की 359 करोड़ की सम्पत्ति है। 2012 के बाद भाजपा ने मनी लॉन्ड्रिंग के केस लगाए, जबकि कोई भी मनी लॉन्ड्रिंग है ही नही।

### नेशनल हेराल्ड मामले की चार्ज शीट सिर्फ प्रोपोगंडा

2020 तक सुब्रमण्यम स्वामी ने केस लड़ा, लेकिन जब हमारे वकील ने सुब्रमण्यम स्वामी से सवाल किए, तो उन्होंने हाईकोर्ट से केस विड्रॉ कर लिया था। हम इस पूरे केस से कोर्ट में निपट लेंगे, लेकिन सरकार ने किस तरह से बदले की भावना से केस किया है, इससे पूरी दुनिया में उसकी कलई खुल गई है। भाजपा सिर्फ विपक्ष की आवाज दबाने के लिए इस तरह का षड्यंत्र कर रही है। यह सब इसलिए हो रहा है कि कांग्रेस उनसे लड़ न सके। भाजपा के हर झूठ की कलई खुली है।

# राहुल की आवाज से भाजपा नहीं कांग्रेसी ही डरते हैं : श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, नेशनल हेराल्ड के मामले में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत अपनी केंद्रीय नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को बचाने के लिए जो तथ्य रखने का प्रयत्न कर रही हैं, उन्हें मालूम होना चाहिए कि यह तथ्य अगर वह कोर्ट में प्रस्तुत कर उसे सहमत कर ले, तो ही लाभ होगा, हां उनके पक्ष में बोलकर वे स्वयं स्वामी भक्ति का लाभ जरूर अर्जित कर ले रही हैं। उनको यह बात अच्छी तरह से समझ लेनी चाहिए, राहुल गांधी की आवाज से बीजेपी मोदी सरकार नहीं, बल्कि कांग्रेसी ही डरे रहते हैं। श्री श्रीवास्तव ने पूछा, सुप्रिया जी ने कहा, ईडी के जितने मामले हैं वह विपक्ष के खिलाफ ही दर्ज हुए हैं। तो ईडी की स्थापना 1956 में हुई थी और लंबे समय तक कांग्रेस शासन में रही, तो क्या ये उनकी स्वीकृति है कि कांग्रेस विपक्ष को दबाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करती थी। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस का संवैधानिक संस्थाओं पर ना भरोसा है, ना सम्मान है, पूरा मामला न्यायालय के अधीन है, लेकिन न्यायालय के विषय में बात करते हुए भी उन्होंने भाषा की मर्यादा लांघ दी और कहा कि कोर्ट में तो हम निपट ही लेंगे। श्री श्रीवास्तव ने कहा, घोटाले को देशभक्ति का दर्जा देने की कोशिश करते हुए सुप्रिया श्रीनेत यह कहती हैं कि यह राहुल गांधी की आवाज दबाने के लिए उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज कर रहे हैं। सुप्रिया जी बताएं कि इस राहुल गांधी के नेतृत्व में आज कांग्रेस पूरे देश में जिस स्थिति में है और राज्यों के चुनाव लड़ने के लिए भी उन्हें क्षेत्रीय दलों से मिन्नत करनी पड़ती है।

**खबर संक्षेप**

## यूपीएससी में 273वां रैंक लाने पर अंकित को विवेक शर्मा ने दी बधाई



**राजिम।** राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी विवेक शर्मा ने छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम निवासी अंकित थवानी के यूपीएससी परीक्षा में आल इंडिया लेवल में 273 वें तथा छत्तीसगढ़ लेवल में तीसरे रैंक प्राप्त करने पर कर्मचारी संगठन की ओर से हार्दिक बधाई दी व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अंकित ने यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर पूरे अंचल को गौरवान्वित किया है। अंकित थवानी बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं,उनके पिता श्री मुरली मनोहर थवानी सेवानिवृत राजपत्रित अधिकारी, माता कमला थवानी पूर्व पार्षद, भाई हिमालय एवं राहुल थवानी इंजीनियर के रूप में पदस्थ हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में मैनपुर नगर में कैंडल मार्च

**मैनपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दो दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत से पूरे देश में आक्रोश फैल गया हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में कैंडल मार्च निकाला गया, इसमें आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई ,इसमें विभिन्न संगठनों ने अलग-अलग आयोजन किए, नगरवासियों द्वारा हमर मैनपुर चौक पर मोमबत्ती जलाकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना किया गया, इस दौरान लोगों में आतंकवादी हमले को लेकर भारी आक्रोश और गुस्सा देखने को मिला।
नगर के वरिष्ठ नागरिक वीरेंद्र श्रीवास्तव, गेंदु यादव, शाहिद मेमन ने कहा इस घटना की जितनी भी निंदा किया जाए कम है अब समय आ गया है आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कदम उठाया जाए और उन्हें समूल नष्ट किया जाए उपस्थित लोगों ने इस अमानवीय कृत की कठोर शब्दों में निंदा किया है, कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा लोगों ने कहा कि इस आतंकी घटना के विरोध में देश एकजुट है आतंकवादियों को पनाह दे रहे देश पर कार्रवाई होनी चाहिए कठोर जवाब देना चाहिए, इस मौके पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ नागरिक वीरेंद्र श्रीवास्तव, गेंदु यादव,शाहिद मेमन,सामंत शर्मा,गोविंद पटेल ,त्रिभुवन पटेल, ढलेन्द साहू ,दयाराम यादव, संतु यादव, मनीष पटेल, पोखराज निषाद, डोमार साहू, सोहन नागेश,निहाल नेताम, तनवीर ठाकुर,लिकेश यादव, गजेन्द्र यादव, डोमार पटेल, सौरभ पटेल, पवन जगत, राम भरोसा, राम सिंह नागेश, जीवन राम ठाकुर, खेलन साहू एवं स्थानीय नगर वासी क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## दोपहर बाद सड़कें सूनी, आग उगल रहा है सूरज

**नर्रा।** ग्रामीण अंचल में पिछले कुछ दिनों से सूरज आग उगल रहा है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने से तापमान 43 के करीब पहुंच गया है। क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है, लोग व्याकुल है। 9 बजते ही तेज गर्मी लग रही है। तपिश के कारण लोग जल्द नहा धोकर घरों में दुबक रहे हैं। भीषण गर्मी की वजह से गांव के गली मोहल्ले में वीरानी है। तेज धूप भीषण गर्मी से लोग कूलर, एसी पंखे के सहारा तो ले रहे है लेकिन सीलिंग फैन काम तक नही कर रहे।

# मैनपुर ब्लाक के भालूकोना में चेक डेम निर्माण होने से जलस्रोत में हुई वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

विकासखंड के ग्राम पंचायत तुहामेटा के भालूकोना के ग्रामीण एवं किसानों द्वारा चेक डेम निर्माण कार्य की मांग की गई थी। । इसके उपरांत पंचायत द्वारा प्रस्ताव तैयार कर जनपद पंचायत में भेजा गया। तकनीकी स्वीकृति पश्चात उक्त कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति के लिए जिला पंचायत प्रेषित किया गया । कार्य स्वीकृति के पश्चात कार्य स्थल में तकनीकी सहायक द्वारा कार्य का ले आउट कर कार्य को प्रारम्भ कराया गया। मनरेगा योजना से वित्तीय वर्ष 2023–24 में चेक डेम निर्माण कार्य कार्य के आवश्यकता को देखते हुए चेक डेम निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया।

किसानों को खेतो की सिचांई के लिए पानी की ज्यादा आवश्यकता होती है। नदी नालों में जल सीधे बह कर व्यर्थ चला जाता था। जिससे पानी सिंचाई के लिए नही मिल पाता था तथा पानी को रोकने व उसके समुचित उपयोग के लिए चेक डेम निर्माण कार्य की जरूरत महसूस है। जिससे की बहते हुए पानी को रोककर सिंचाई के लिए उपयोग किया जा सके। चेक डेम के निर्माण हो जाने से बहते हुए पानी का ठहराव हो जाता है। जिसका उपयोग सिंचाई के लिए किया जाता है।



### धान की फसल अच्छी हो रही

किसानों को खेतो की सिचाई के लिए पर्याप्त साधन मिल जाता हैं। आस–पास के बंजर भूमि को खेती योग्य उपजाऊ बनाया जा सकता है। चेक डेम बनाने से किसानो को लाभ होगा तथा इससे जलस्त्रोत मे बढ़ोतरी होगी। पहले चेक डेम ना होने से जल स्तर कमी आ रही थी। किसानों को खेती करने में पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा था तथा गर्मी के दिनों में पानी की ज्यादा समस्या होने से फसल सही तरीके से नहीं हो पा रहा था। चेक डेम बन जाने से किसानों के खेतो में धान की फसल अच्छी हो रही हैं। खेतो में सूखा पड़ने का खतरा कम हुआ। चेक डेम से सिंचाई आस पास के खेतो में जल स्तर में वृध्दि हुई है।

### ग्रामवासियों को स्वच्छ रहने किया जागरूक

# मितानिनों ने साफ सफाई अभियान चलाकर दिया सबको स्वच्छता संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम में मितानिनों ने बाजार व सोसायटी परिसर, आसपास गली-मोहल्ले और टेम्पापारा पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई किया। इस अभियान के माध्यम से इन्होंने ग्रामवासियों को अपना गांव को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया।

मितानिन देवकी मरकाम ने कहा कि ऐसा करके वे संदेश देना चाहती है कि अपने घरों के साथ साथ गलियों, सड़कों को साफ रखने के लिए कचरा न फैलाएं। घर का कचरा कूडादान में ही डाले। सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने कहा कि स्वच्छ तन में स्वस्थ मन का वास होता है। इसलिए स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ वातावरण जरूरी है। महिला समूह हर माह बैठक आयोजित कर सफाई पर चर्चा करती है और लोगों को सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फेंकने,साफ सफाई रखने तथा खुले में शौच जाने से मना करती है। साफ-सफाई के लिए हम सभी को आगे आना चाहिए। मितानिनों ने लोगों से आह्वान किया कि वह अपने आसपास सफाई रखें। पंचायत का सहयोग कर गांव को स्वच्छ बनाने में योगदान दे।



### समाज स्वस्थ रहेगा, आएंगे अच्छे विचार

पंच सरिता ठाकुर ने कहा कि सफाई से न केवल समाज स्वस्थ रहता है, बल्कि स्वच्छता से अच्छे विचार भी मन में आते हैं। उन्होंने कहा नालियों में कूड़ा न डालें हो सकें तो पालीथिन का प्रयोग भी कम से कम करें। सेवती नेताम, मेहत्तरीन बाई निषाद ने कहा कि यदि समय पर सफाई होती रहें तो गांव के गली-मोहल्ले पूरी तरह स्वच्छ रहेगा। पालीथिन का अधिक प्रयोग होना प्रदूषण के साथ साथ लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है। पंचायत भी समय से कूड़े को उठवाएं। जिससे समाज का हित होगा और गांवों में हमेशा स्वच्छता बनी रहेगी। देखा जाता है कि लोग घरों के आसपास ही कूड़े के ढेर लगा देते हैं। कई बार अभियान चलाने के बाद भी लोग नींद से नहीं जागते। ऐसे में लोगों को खुद भी सजग होकर स्वच्छता अभियान की कड़ी बनना चाहिए। लोगों को घरों के साथ साथ अपने आसपास भी स्वच्छता पर ध्यान देने की जरूरत है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मितानिन वत्सला निषाद, धनेश्वरी निषाद, गोदावरी, त्रिवेणी निषाद, किरण राजपूत, अंजली कुंजाम, लकेश्वरी नेताम, दीप कुमारी, लक्ष्मी यादव, फुलेश्वरी निषाद, दुर्गा यादव, कचरी निषाद, इन्द्रोतिन, दामिनी ठाकुर, तुलेश्वरी, ललिता, कुमारी, सुनती, पवन रेखा, पूजा सहित स्व सहायता समूह के सभी महिलाएं उपस्थित थे।

# जिपं अध्यक्ष गौरीशंकर ने अपना प्रथम मानदेय के 25 हजार सशिमं को दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

सरस्वती शिशु मंदिर संस्थान में निर्माणाधीन भवन के लिए जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने सौंपा अपना प्रथम मानदेय राशि 25 हजार का चेक। श्री कश्यप ने कहा कि धर्म संस्कृति का पाठ पढ़ाने वाली संस्थान को पारिश्रमिक का पहला आय समर्पित किया हूं। आज देवभोग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के संचालन समिति की मौजूदगी में संस्था ने इस सत्र का परीक्षा परिणाम घोषित करने सभा का आयोजन किया था। इसी आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप पदाधिकारियों को प्रथम बार प्राप्त मानदेय 25 हजार रुपए को चेक में सौंपा है। गौरीशंकर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह अन्न का पहला निवाला हम धरती को समर्पित करते हैं,उसी तरह ही हमें अपने पारिश्रमिक का पहला आय को धर्म संस्कृति के नाम समर्पित करना चाहिए। गौरी शंकर ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर संस्थान गुणवत्तायुक्त ही नहीं बल्कि संस्कारित शिक्षा का पाठ हमारे देश के भविष्य कहे जाने वाले नन्हे छात्रों को कराती है। राष्ट्र चेतना का भाव भरती है जो राष्ट्र निर्माण में हमेशा से सहायक सिद्ध होता है। ज्ञात हो कि दो साल पहले से ही गौरी शंकर कश्यप द्वारा व्यवसाई के तौर पर अपने कमाई का हिस्सा ऐसे दो छात्रों के अध्ययन शुल्क के रूप में दिया जा रहा था जिनके पिता कोरोना काल में दिवंगत हो गए।

■ स्कूल के निर्माणाधीन भवन में किया जाएगा

### ये रहे मौजूद

आयोजन में संचालन समिति प्रमुख तस्मीत पात्र,सुधीर भाई पटेल,विजय मिश्रा,बजरंग साहू के अलावा प्राचार्य नरेंद्र साहु,प्रधान आचार्य मनोज रघुवंशी समेत कई पालकगण भी मौजूद रहे।

# एकलव्य स्कूल के विद्यार्थियों ने किया थाने का भ्रमण

**छुरा।** क्षेत्र के एकलव्य स्कूल कोसमबुडा के शिक्षकगण की उपस्थिति में विद्यार्थियों का थाना का भ्रमण कराया। समस्त बच्चों ने थाना के मोहर्रिर कक्ष,विवेचक कक्ष, मालखाना, महिला व बाल कक्ष, डे व नाईट अधिकारी, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस कक्ष एवं थाना प्रभारी कक्ष का भ्रमण किया। थाना प्रभारी द्वारा पुलिस कार्यवाही, दिनचर्या एवम् क्रियाकलाप की जानकारी के सांथ सांथ गुड टच, बेड टच सायबर अपराध एवम् बचाव यातायात नियमो की जानकारी दी गई। बालकों को रिपोर्ट लिखवाने और उस पर पुलिस कार्यवाही की जानकारी दी गई। पुलिस को रक्षक एवं विश्वनीय समझने एवम् भरोषा कायम रखने राय दी गयी है। पुलिस की स्थापना ० उद्देश्य से अवगत कराया गया साथ ही पुलिस पदक्रम की जानकारी दी गई।



# पीएम श्री विद्यालयों के विज्ञान व्याख्याता का पूणे कार्यशाला के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

पीएम श्री सेजस स्कूलों के अलग-अलग विषयों के व्याख्याता का चयन स्टेम यानी साइंस प्रौद्योगिकी इंजीनियरिंग एवं गणित विषयों के प्रशिक्षण के लिए किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थानों में शिक्षकों के कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ चरण में चयनित पीएम श्री विद्यालयों से 132 व्याख्याता भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे में आयोजित 5 दिवसीय कार्यशाला में सहभागिता देंगे। इसमें गरियाबंद जिले से व्याख्याता संध्या ठाकुर का चयन किया गया है।

■ गरियाबंद जिले से व्याख्याता संध्या ठाकुर का किया गया चयन



यह कार्यशाला समग्र शिक्षा रायपुर ने आयोजित की है। इसमें आशीष गौतम पीएम श्री समन्वयक छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में 132 व्याख्याता की टीम 25 अप्रैल को पुणे के लिए प्रस्थान करेगी। कार्यशाला में विज्ञान के विभिन्न विषयों पर संस्थान के वैज्ञानिक एवं विषय विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। भाग लेने वाले व्याख्याताओं द्वारा प्रस्तुति भी दी जाएगी। केंद्र सरकार ने कई सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा मुहैया कराने के लिए पीएम श्री स्कूलों की शुरुआत की है। अब इन स्कूलों में संसाधन उपलब्ध कराने के साथ यहां के शिक्षकों को भी प्रशिक्षित करने की पहल की जा रही है । इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या वंदना पाण्डेय, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गरियाबंद गजेंद्र ध्रुव , ज़िला मिशन समन्वयक के. एल. नायक सर एवं ज़िला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत सर ने व्याख्याता को अग्रिम शुभकामनाएं दी है।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए किया जिला स्तरीय टीम का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अक्षय तृतीया के विशेष अवसर पर बाल विवाह रोकथाम हेतु जिला स्तरीय विशेष टीम का गठन किया गया है। 30 अप्रैल 2025 को अक्षय तृतीया का पर्व है, इस दिन गांवो एवं शहरो में काफी संख्या में विवाह होते हैं। इन दिनों बाल विवाह भी किए जा सकते हैं, जो कानूनन अपराध है। बाल विवाह की पूर्णतः रोकथाम के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक पाण्डेय, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती दीपा शाह के मार्गदर्शन व जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री अनिल द्विवेदी के निगरानी में पांचो विकासखण्डों के लिए जिला स्तरीय विशेष टीम का गठन किया गया है।

■ बाल विवाह रोकथाम के लिए होगा व्यापक प्रचार-प्रसार

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह की पूर्णतः रोकथाम हेतु जिला स्तरीय विशेष टीम का गठन किया गया है। ग्राम पंचायतों में विवाह पंजी संधारण करने हेतु पंचायत सचिव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित करना जिसमें पंचायत में होने वाली सभी विवाहों का रिकार्ड हो।

प्रत्येक ग्राम पंचायत के ग्रामों के कोटवार को बाल विवाह नहीं करने, बाल विवाह कानूनन अपराध होने के संबंध में मुनादी कराने हेतु निर्देशित करना ताकि सभी ग्रामीण जनों को पता चले कि बाल विवाह करना अपराध है। प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं विकासखण्ड स्तर पर बाल संरक्षण समितियों का गठन किया गया है। इस समिति से पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि सम्मिलित है। यह समिति संभावित बाल विवाहों की निगरानी करने एवं बाल विवाह रोकथाम में सहयोग करने के संबंध में निवेदन/अनुरोध करना। बाल विवाह रोकथाम हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जावें। ग्राम पंचायत सचिवों को दीवाल लेखन करवाने हेतु प्रेरित करें।

विवाह के लिये बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार वधु की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। निर्धारित आयु से कम आयु में महिला, पुरूष का विवाह करने या करवाने की स्थिति में सम्मिलित व सहयोगी सभी लोग अपराध की श्रेणी में आयेंगे। जिन्हें 02 वर्ष तक का कठोर कारावास एवं 01 लाख रूपये तक का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। उक्त संबंध में पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति व नगरीय निकाय में वार्ड स्तरीय समिति गठित है।

इसके अतिरिक्त किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015, लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012, गुड टच एवं बैड टच, बाल विवाह, नशा मुक्ति, कन्या भूण हत्या, शिशु पालना केन्द्र, दत्तक ग्रहण, स्पांसरशिप, शिकायत व सुझाव पेटी. बच्चों का अवैध प्रवास, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, पलायन, बालश्रम, विषयों पर जिला स्तरीय टीम द्वारा जानकारी दी जावेगी। श्री अशोक कुमार पाण्डेय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आमजनों से अपील की गयी है कि अक्षय तृतीया के विशेष अवसर पर व अन्य दिवसों में भी सक्रिय होकर बाल विवाह की सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर-1098 में करें जिससे बाल विवाह की रोकथाम की जा सके।

## पेज 11 के शेष

### नदीपारा में मनाया गया विश्व...

कुशवाहा कक्षा दसवीं डीएव्ही स्कूल देहारगुड़ा, द्वितीय स्थान गायत्री पाड़े कक्षा छठवीं माध्यमिक शाला अचानपुर रहे सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों के द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।
**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर मुख्य रूप से उषा चंद्राकर , कोमल साहू , सुहागा पाड़े , बेनुराम पाड़े , दिलीप पटेल ,छनू राम साहू , नकुल यादव , लखन पाड़े , सोमनाथ पाड़े एवं छात्रगण उपस्थित रहे ।

### गो जन जागरण यात्रा...

हेमलाल नेताम की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर गोजन जागरण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सभापति लेखराज धुवा ने कहां की गाय पूरे विश्व की माता है और यह कामधेनु है,गाय पालन में हमें सभी प्रकार के कामना पूर्ति होती है, उन्होंने बताया है कि धर्म काम अर्थ मोक्ष चारों पुरुषार्थ की प्राप्ति का माध्यम है हम सब अधिक से अधिक गाय का पालन करें, वर्तमान समय में लोग गाय पालन से दूर हो रहे हैं जिसकी वजह से धरती सहित सभी जगह पर के प्रकार के आपदाएं आ रही है इसके लिए हम सब जिम्मेदार हैं। कार्यक्रम में सभी नवनिर्वाचित जनपद पंचायत के सभापति एवं सदस्यों ने एक साथ संकल्प लिया है कि अपने-अपने क्षेत्र में गांव गो जन जागरण अभियान से जुड़ेंगे और गाय के महत्व एवं जन जागरण के बारे में सभी लोगों को अवगत कराएंगे, श्री कुंज बिहारी गौशाला समिति के अध्यक्ष मोहन ठाकुर ने कहा कि गांव जन जागरण अभियान एक महत्वपूर्ण अभियान है जिसमें हम अधिकसे अधिक जुड़े और अपने-अपने घरों में एक गाय अवश्य पाले,हम सब ऐसा करके एक बार जैविक खेती अपनाकर देख तो निश्चित रूप से इसका लाभ मिलेगा और यह हम सबके तन मन धन सभी के लिए उपयोगी साबित होगा ,उन्होंने सभी किसानों एवं समाज प्रमुखों से विशेष कर अपील की है कि इन विषयों पर समाज की भूमिका निर्धारित करें कि हम सब अपने अपने घरों में कम से कम एक गाय का पालन अवश्यक करें जिससे जाकर संरक्षण और सर्वधन हो।

## डीजे ऑपरेटर से चार लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** डीजे वाहन से टकराकर बिजली खंभा गिरने के बाद हुए विवाद में चार लोगों ने डीजे ऑपरेटर के साथ मारपीट कर दी। प्रार्थी व डीजे ऑपरेटर भागीरथी दास निवासी रेमड़ा ने बसना पुलिस को बताया कि 20 अप्रैल को वह बानीपाली से एम डीजे वाहन 407 से लेकर सेमलिया से होकर जा रहा था। ग्राम सेमलिया की गली में लगे बिजलीतार से वाहन का ऊपरी हिस्से से तार टकराने करने के बाद फंस गया और बिजली का खंभा गाड़ी के ऊपर गिर गया। इसी दौरान ग्राम सेमलिया के शैलेश साहू, समीर साहू, विराट साहू और अरविंद और गाली गलौज कर प्रार्थी के साथ मारपीट करने लगे।

शोक-संदेश



चिट्ठी न कोई संदेश, जाने वो कौन सा देश जहां तुम चले गये...

स्व.श्री मनाराम वर्मा

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे सुपुत्र श्री मनाराम वर्मा का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 15/04/2025 दिन - मंगलवार को हो गया है। अतः आप अमर आत्मा मृत शरीर की शांति एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आप सहपरिवार पहुंचकर इस दुःख क्षण में हमें संबल प्रदान करने की कृपा कर हमें अनुग्रहित करें।

कार्यक्रम
दशगात्र : 24/04/2025, दिन- गुरूवार
निज निवास : फारेस्ट कॉलोनी छुरा नगर
टीप : तालाब कार्यक्रम दोप. 12 बजे अस्थि विसर्जन हेतु गंगा जी गये है।

शोकाकुल :-
चित्ररेखा-शखा (बहन-दामाद), दानेश्वरी-कमलेश (बेटी-दामाद) आयुष, लक्ष्य, उदय (पौत्र), तिजऊराम, नारायण, मनोहर छत्रु, डिगेश, चोवा, राजकुमार, गोविंद, समीर, तरुण, प्रदीप-चमेली, भुपेन्द्र-नेमेश्वरी, टिकेश्वर-निर्मला एवं समस्त वर्मा परिवार.

विनीत:
श्रीमती फुलवती वर्मा (मां)
श्रीमती रामप्यारी वर्मा (पत्नि)
संजय-अंजु वर्मा (पुत्र-पुत्रवधु)
लोकेश्वर-कामिनी वर्मा (पुत्र-पुत्रवधु)
पुनाराम-कृष्णा, तुलाराम-अमृत, पीलाराम-सरस्वती, जागेश्वर-इन्दरा, दिलेश्वर-रमा (भाई-बहू)
छुरा नगर, मो.: 9977250260

नोट : जिन लोगों को शोक-पत्र न मिला हो कृपया इसे स्वीकार करें।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# 5 से 31 मई तक क्लस्टर स्तर पर लगेंगे 25 समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जिले में नागरिको से उनकी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गए। प्राप्त आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागो द्वारा किया जा रहा है। इसके अगले चरण में 05 मई से 31 मई 2025 के दौरान जिले में समाधान शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

इसके तहत क्लस्टर स्तर पर 25 शिविर आयोजित किये जायेंगे। प्रत्येक 08 से 15 पंचायतों के मध्य एक क्लस्टर चिन्हांकित कर समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिनमें आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। नगरीय निकायों में भी आवश्यकतानुसार समाधान शिविर आयोजित होंगे। जिला प्रशासन द्वारा शिविर स्थलो का चिन्हांकन कर लिया गया है। इसके तहत 05 मई को विकासखंड देवभोग अंतर्गत ग्राम सीनापाली में समाधान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 06 मई को मैनपुर के अमलीपदर, 7 मई को गरियाबंद के ग्राम मदनपुर, 8 मई को छुरा विकासखंड के ग्राम मुड़ागांव, 9 मई को फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम कमारपारा बोरिद, 10 मई को देवभोग विकासखंड के ग्राम झाखरपारा, 11 मई को मैनपुर के ग्राम गोहरापदर, 13 मई को गरियाबंद के ग्राम सढौली, 14 मई को छुरा के ग्राम रसेला, 15 मई को फिंगेश्वर के ग्राम परसदाजोशी, 16 मई को देवभोग के ग्राम धौराकोट, 17 मई को मैनपुर के खोखमा, 18 मई को गरियाबंद के ग्राम धवलपुरडीह, 19 मई को छुरा के ग्राम मड़ेली, 20 मई को फिंगेश्वर के ग्राम सुरसाबांधा, 21 मई को देवभोग के लाटापारा, 22 मई को मैनपुर के ग्राम शोभा, 23 मई को गरियाबंद के ग्राम कोचवाय, 24 मई को छुरा के चरौदा, 26 मई को फिंगेश्वर के ग्राम बिजली, 27 मई को देवभोग के ग्राम निष्ठीगुड़ा, 28 मई को मैनपुर के ग्राम मैनपुरखुर्द, 29 मई को गरियाबंद के ग्राम दर्रीपारा, 30 मई को छुरा के ग्राम पोंड एवं 31 मई को विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत बेलटुकरी में समाधान शिविर का आयोजन किया जायेगा।

### जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

कलेक्टर ने तृतीय चरण के लिए समाधान शिविर आयोजन हेतु अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जिसमें संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही सहायक नोडल अधिकारी की भी ड्यूटी लगाई है। कलेक्टर ने समाधान शिविरों की सभी तैयारियां तय समय में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। समाधान शिविरों में लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित किये जाएंगे। प्रत्येक शिविर के लिए एक खंडस्तरीय अधिकारी को प्रभारी बनाया गया, जो शिविर के समुचित संचालन को सुनिश्चित करेंगे। समाधान शिविरों में विकासखंड एवं अनुभाग स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जिला स्तर से भी अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### मिताली साहू ने पास की जेईई मेंस 2025 की परीक्षा



**पांडुका।** ग्राम अतरमरा पाण्डुका निवासी मिताली साहू ने जेईई मेंस 2025 की परीक्षा दी थी जिसमें उसने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से 98.5 परसेंटाइल प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं गांव का नाम रोशन किया बधाई देने वालों में पिता संतोष साहू, मां तुलसी साहू, दादा गेंदु राम साहू, दादी चिंता बाई साहू व उनके परिवार वालों ने मिताली की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजूट है : रामकृष्ण ध्रुव



**मैनपुर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कश्मीर में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि इस कायरता पूर्ण हमले की जिम्मेदारो को सबक सिखाना होगा। आतंकी संगठन हो या पड़ोसी देश जो अपनी नापक हरकतो से बाज नहीं आते, उन्हें नेस्तनाबूत करने का समय अब आ चूका है। श्री ध्रुव ने कहा आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एक जूट है। उन्होने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोश पयर्टको पर हुए कायराना हमले की कड़ी निंदा की है साथ ही घायलो के जल्द स्वस्थ्य होने की प्रार्थना किया है।

### पहलगांव में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले कायराना करतूत– योगेश शर्मा



**मैनपुर।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में पर्यटको पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे कायराना करतूत बताया आतंकियों ने पर्यटको को निशाना बनाया है। श्री शर्मा ने इस आतंकी हमले में मृतको के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है और घायलो की शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। श्री शर्मा ने आतंकवादियों के इस कायराना करतूत का करारा जवाब देकर इन आतंकियों का समूल उन्मूलन करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार सक्रिय हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश के बाद केन्द्रीय गृहमंत्री अमीत शाह जम्मू कश्मीर पहुंच चूके है और हालात का जयजा लेकर आतंकियों के खिलाफ हर संभव उपयो पर काम करेगें और आतंकियों को समूल नष्ट किया जायेगा।

### बाइक चोरी

**महासमुंद।** ग्राम देवसराल में खेत के पास खड़ी बाइक चोरी हो गई। प्रार्थी डमरूलाल सहिस ने सांकरा पुलिस को बताया कि 20 अप्रैलकी सुबह करीब 10 बजे वह अपनी बजाज प्लेटिना मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीवाय 8001 से प्रमोद निषाद एवं खिलेश सहिस के साथ खेत गया था। मोटर सायकल को खेत के पास रोड में रखा। जब खेत से काम करके वापस आया तो देखा कि मोटर सायकल वहां पर नहीं थी।

## समस्त पात्र हितग्राहियों को योजना का मिलेगा लाभ: देवेंद्र ठाकुर

# हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने जपं सभापति करवा रहे सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

वास्तविक हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का लाभ मिले, इसलिए अपने निर्वाचन क्षेत्र के 4 पंचायतों में घर घर पहुंच सर्वे कर रहे हैं। जनपद सभापति घूमरगुड़ा जनपद क्षेत्र से निर्वाचित जनपद सदस्य देवेंद्र ठाकुर अपने निर्वाचित क्षेत्र में आने वाले पंचायत घूमरगुड़ा, सरगीगुड़ा, बरकानी, गंगराजपुर में घर घर पहुंच रहे पीएम आवास योजना पल्स के तहत वास्तविक हितग्राहियों को योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने भाजपा सरकार ने जनप्रतिनिधियों को भी दायित्व दिया हुआ है।

अपनी जिम्मेदारी को पुरी करने जनपद सभापति देवेंद्र ठाकुर अब तक 4 पंचायत में 63 हितग्राहियों को आवास पल्स योजना के तहत सर्वे सूची के शामिल कर चुके हैं। देवेंद्र ने कहा कि सर्वे में शामिल सभी हितग्राही पात्रता रखते हैं, देवेंद्र ने भाजपा सरकार को इस पहल की सराहना किया, जनप्रतिनिधियों को मिली जवाबदारी से पात्रता रखने वाले समस्त हितग्राहियों को लाभ सुनिश्चित हो गया है।

10 दिव्यांग जिन पर परिवार का बोझ, उन्हें भी आवास मिलेगा – देवेंद्र ठाकुर ने अब तक सर्वे में 63 हितग्राहियों के नाम आवास पल्स में शामिल किए हैं। इनमें से 10 दिव्यांग है। ठाकुर ने कहा कि ओमप्रकाश प्रधान, अनिता सोनी, चौती विभार,जयंती नागेश,पद्मिनी बीसी जैसे जरूरत मंद लोग दिव्यांग होने के साथ परिवार की पूरी जिम्मेदारी का बोझ अपने कंधे पर लेकर घूम रहे। कोई पड़ोसी पर आश्रित है तो कोई कच्चे मकान में पॉलीथिन डालकर रहने को मजबूर हैं लाचारी हो या मजबूरी कहे इन तक योजना नहीं पहुंच पाई थी। जवाबदार इन्हें अनदेखा कर दिया करते थे। लेकिन अब भाजपा के डबल इंजन सरकार में ऐसे जरूरत मंद तक योजना खुद चल कर गई है। देवेंद्र ने कहा कि आशा ही नहीं पुरा विश्वास है जल्द ही इनका अपना पक्का मकान होगा।



### पोर्टल बंद होने से पहले करा लें सर्वे केवल 7 दिन शेष

**मैनपुर।** जिले में पीएम आवास ग्रामीण के लिए 47 हजार तीन सौ तेरह परिवार का सर्वे हो चुके है, 30 अप्रैल को पोर्टल बंद हो जायेगा, जिन परिवारों ने सर्वे नहीं कराया है वे समय रहते सर्वे नहीं करवा ले दोबारा मौका शायद ही मिले, कई गांवों में तो यह पूरा भी हो चुका है कुछ लोग जो कमाने खाने के लिए बाहर गए हैं, वही बच गये हैं।

राज्य सरकार ने पीएम आवास सर्वेक्षण की अंतिम तिथि 30 अप्रैल को दी है, पूरे प्रदेश भर में 16 लाख से अधिक परिवार का सर्वेक्षण किया जा चुका है , जिसमें से जिले में तकरीबन 47 हजार 313 से अधिक परिवार का सर्वे किया जा चुका है अब सर्वे के लिए 07 दिन शेष रह गये हैं, ऐसे में बचे हुये परिवार स्वयं या फिर रोजगार सहायक से सर्वे कर योजना का लाभ ले सकता है, क्योंकि जल्द ही पीएम आवास 2.0 लांच होने वाला है जिसमें कि लोगों को इसका फायदा मिलेगा।

**प्रदेश में टॉप–5 पर मजदूरों ने कराया पंजीयन :** आवास 2.0 के सर्वे में रैंकिंग के मामले में प्रदेश में टॉप 5 पर पहुंच गया है। तेजी से सर्वे कार्य चल रहा है। बताया जा रहा है कि बचे हुये 07 दिनों में हजारो सर्वेक्षण का कार्य भी हो जायेगा जिससे कि अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ मिल सकेगा।

**छूटे हुये हर परिवार ने कराया सर्वे :** प्रायः हर गांव में छूटे हुये परिवार ने सर्वे कराया है ताकि उनका भी पक्का मकान बन जाये इसके लिए बकायदा रोजगार सहायक को ढूंढकर सर्वे कराया जा रहा है लगातार दो माह तक चले इस सर्वे में जिले के 47 हजार से अधिक परिवार ने सर्वेक्षण कराया है।

### सुशासन तिहार में सबसे ज्यादा आवास की मांग

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में सुशासन तिहार मनाया गया, जिसमें हर शिविर में शिकायत पेटी रखी हुई थी जिसमें कि सबसे ज्यादा लोगों की मांग आवास के लिए था ऐसे में प्रशासन ने ऐसे लोगों का सर्वे भी कराया है जिससे कि संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। अधिकांश लोग जो इस योजना के पात्र है उनके पास स्वयं का आवास नहीं था जिससे कि आवास बनाने के लिए आवेदन दिया था।

प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला अधिकारी विजय साहू ने बताया गरियाबंद जिले में 47313 लोगो का सर्वे हो चूका है जिसमें मैनपुर ब्लाक में 10048, छुरा ब्लाक में 10533, देवभोग में 6785 फिंगेश्वर में 13514 एवं गरियाबंद में 6433 ने सर्वे करा चुका है 30 अप्रेल तक सर्वे कार्य जारी रहेगा।

# बिलजी कटौती व लो-वोल्टेज की समस्या से परेशान पांडुकावासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम क्षेत्र का बड़ा गांव पांडुका इन दिनो बिजली का भारी संकट झेल रहा है। यहां बिजली बंद होने का कोई समय नही है। कभी भी बिजली चली जाती है। दो दिन पहले बिजली जब चली गई तो लोगो को विभाग के तरफ से जवाब मिला कहीं जंपर कटा है इसलिए बनाने में समय लग रहा है। कल कहीं टांसफार्मर बदलने की बात सामने आई इसमें भी लोग घंटो परेशान रहे।

लोग यहां लो वोल्टेज के चलते रोज प्रताड़ित हो रहे है। न तो ढंग से कूलर चल पा रहा है और न ही पंखे से हवा निकल रहा है। कारण भी साफ है कि राजिम के कोमा सब स्टेशन से सप्लाई होने वाला बिजली पांडुका 25 किमी के पहुंचते तक कमजोर पड़ जाता है। पूरे ईलाके के किसान इन दिनो रबी फसल लगाए हुए है। इस वजह से भी बिजली की परेशानी पैदा हो गई है।

▪ विधायक रोहित साहू से की पांडुका में 132 केवी सब स्टेशन की मांग

विभाग के जानकारों की मुताबिक 132 केवी का सब स्टेशन 45 किमी गरियाबंद और राजिम के बीच कहीं नही है इसलिए पांडुका क्षेत्र के दर्जनो गांव को ये परेशानी झेलना पड़ रहा है। गर पांडुका में 132 केवी का सब स्टेशन शासन स्तर में लग जाए तो तमाम परेशानी दूर हो जाएगी। आज की तारीख में 44 डिग्री का तापमान हर किसी के ऊपर भारी पड़ रहा है। लोग गर्मी से उबल रहे है। बिजली से चलने वाले तमाम उपकरण नकारा साबित हो रहे है।

कई लोगों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है लोग बार-बार बिजली बंद होने से परेशान है। भीषण गर्मी में अचानक बिजली गुल हो जाने से लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भरी दोपहरी में बिजली बंद होने से सभी लोगों को समस्या होती है। दोपहर में सभी का आराम करने का समय होता है। इस बीच लाइट चले जाने से पंखे, कूलर एवं एसी बंद हो जाते है।

अघोषित बिजली कटौती की कोई पूर्व सूचना भी नही दी जाती। अभी शादी का सीजन भी चल रहा है। ऐसे में शादी घरों में लाइट बंद होने से मेहमानों का पसीने से बुरा हाल हो जाता है। कुछेक व्यवसाय पूर्णतः बिजली पर निर्भर है। वेल्डिंग, आटा चक्की, आइस्क्रीम पार्लर, कोल्डड्रिंक के व्यवसायियों को दिन में कभी भी बिजली बंद होने से समस्याओं का सामना करना पड़ता है। गर्मी के दिनों में लंबे समय तक बिजली बंद होने से आइसक्रीम पार्लर एवं शीतलपेय का विक्रय करने वाले व्यवसायियों को हानि होती है।

पांडुका एवं आसपास के दर्जनो गांव के गणमान्य नागरिको तथा व्यवसायियो ने विधायक रोहित साहू से मांग किया है कि पांडुका में 132 केवी का सब स्टेशन स्वीकृत कराकर इस क्षेत्र में बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की परेशानियो से निजात दिलाए।

# बच्चों को प्रचुर मात्रा में दें प्रोटीन : परियोजना अधिकारी



**नवापारा-राजिम।** करेली बड़ी में विकासखंड स्तरीय महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रूप में जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू,सभापति सरिता कश्यप,जनपद सदस्य राजेश साहू, देवेंद्र पाल, सरपंच खेमलता साहू ,नायब तहसीलदार शामिल थे।

▪ करेली बड़ी में मनाया गया पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम

कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी सुमीत गंडेचा ने पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के बारे में बतलाते हुए जन जागरूकता लाने कहा। बताया गया कि बौनापन, दुबलापन और कम वजन, ऐसे बच्चो के कुपोषण प्रबंधन तत्काल न हो तो भविष्य में घातक परिणाम सामने आ सकता है। अतएव पालकों से कहा गया कि अपने बच्चों को प्रोटीन प्रचुर मात्रा में दे। जंक फूड पैकेट बंद वाले चीजों से दूर रखे। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि यह पोषण पखवाड़ा केंद्र सरकार द्वारा संचालित अभियान का 7वां चरण है। हम सबको मिलकर पोषण जागरूकता लाना है। सरपंच खेमलता साहू ने कहा कि बच्चो के खानपान का ध्यान माताएं करती है, इसलिए स्वस्थ समाज बनाने में महिलाओं का बड़ा योगदान होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पर्यवेक्षक नंदा ठाकुर,सुनीता सोनी,पद्मनी बंजारे,श्रद्धा गौतम, लोमेश तारम,हेमलता साहू, टोकेश्वरी पाल, मंदाकिनी बघेल, चुनेश्वरी साहू ,नंदकुमारी ,रेखाबाई ,भगवती का शानदार योगदान रहा।

## कवि लीलाराम को शब्द शिल्पी सम्मान से किया गया सम्मानित

**फिंगेश्वर।** प्रदेश की अग्रणी सामाजिक संस्था वक्ता मंच द्वारा 20 अप्रैल को राजधानी के वृन्दावन सभागृह में संपन्न एक भव्य कार्यक्रम मे प्रदेश के रचनाकारों का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में अंचल के कवि लीलाराम पिता सियाराम साहू को शब्द शिल्पी सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है।लीलाराम साहू को मुख्यअतिथि के हाथों प्रमाण पत्र और प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि लीलाराम की रचनाएं विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हो रही है। लीलाराम अपने गांव देवगांव तथा अंचल का नाम साहित्य के क्षेत्र में आगे बढ़ा रहे हैं। लीलाराम साहू को अनेको मंचों और संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते तथा संयोजन संस्था के संयोजक शुभम साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर के कवि साहित्यकार दुष्यंत साहू, राजाराम रसिक, यशवंत यदू यश, अबोध सरकार, राजु छत्तीसगढ़ीया, राज निषाद, पुरुषोत्तम पटेल, राजेश निषाद, विरेन्द्र साहू व अन्य प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।



# पीपरछेड़ी विद्यालय में बेटियों का जलवा परीक्षा परिणाम में रचा हैट्रिक का रिकॉर्ड



**गरियाबंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरछेड़ी, विकासखंड व जिला गरियाबंद में कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा परिणामों ने बेटियों की प्रतिभा का परचम लहरा दिया है। कक्षा 11वीं के ओ व र ऑ ल परिणाम में वाणिज्य संकाय की छात्रा पूजा ने 76.64% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कला संकाय के डिगेश्वर और वाणिज्य संकाय की लक्ष्मी ने 69% के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया। तृतीय स्थान 68.40% के साथ इशू (वाणिज्य) और पूर्वी देवांगन (जीवविज्ञान) को मिला। इस वर्ष कक्षा 11वीं का परिणाम 80.80% रहा, जो गत वर्ष की तुलना में 8.64% अधिक है।

▪ कक्षा नवमीं व 11 वीं का रिजल्ट जारी, संकायों में अव्वल रहीं छात्राएं

वहीं, कक्षा 9वीं में भी बेटियों ने बाजी मारी। कु. मुन्नी यादव ने 81.33% अंक के साथ प्रथम, हितेश वस्त्रकार ने 80.17% के साथ द्वितीय और कु. दुर्गा विश्वकर्मा ने 63.33% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। हालांकि, इस कक्षा का कुल परीक्षा परिणाम 74.69% रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.44% कम है। विद्यालय के प्राचार्य बसंत त्रिवेदी ने सभी सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि "सफलता का चिराग केवल परिश्रम से ही जलता है।" कार्यक्रम का समापन के.आर. साहू के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि "कोशिश अंतिम क्षण तक करनी चाहिए, सफलता मिले या नहीं, अनुभव ज़रूर मिलेगा।"

**ये रहे उपस्थित** –शाला समिति प्रमुख खेदू राम यादव, पालक प्रतिनिधि जीवन लाल यादव, सरपंच श्रीमती लक्ष्मी दीवान, दीपेश दीवान, वरिष्ठ व्याख्याता के.आर. साहू, दिनेश निर्मलकर, विरेंद्र सिन्हा, डॉ. ओम प्रकाश वर्मा, मंच संचालक दीपक गवली, व्यायाम शिक्षक सूरज महाडिक, व अन्य शिक्षकगण एवं पालकगण शामिल रहे।

# बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान 28 अप्रैल को कांग्रेस करेगी बिजली ऑफिस का घेराव

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर ब्लाक कांग्रेस द्वारा 28 अप्रेल दिन सोमवार को मैनपुर नगर में धरना प्रदर्शन के साथ ही बिजली कार्यालय का घेराव एवं पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आज बुधवार ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव के नेतृत्व में कांग्रेसजनो की एक प्रतिनिधि मंडल एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपकर आन्दोलन करने की बात कही है।

▪ रामकृष्ण ध्रुव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सौंप ज्ञापन



इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस महामंत्री गैंदुयादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नेताम, डोमार साहू, तनवीर राजपूत, आदिवासी नेता रामसिंह नागेश, किसान नेता थानु पटेल, व बड़ी संख्या में क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता किसान उपस्थित थे। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने बताया मैनपुर क्षेत्र की जनता बिजली की लचर व्यवस्था से बेहद परेशान हो गई है यहां 24 घंटा में 30 से 35 बार बिजली बंद हो रहा है और भीशण गर्मी में पंखा कुलर तक नही चल पा रहा है पेयजल व्यवस्था चरमरा गई है बिजली आधारित व्यवसाय पुरी तरह प्रभावित हो गया है बिजली कटौती से शासकीय कार्यालयों में भी कार्य बाधित हो रहा है।

### बिजली की लचर व्यवस्था से जनता त्रस्त

श्री ध्रुव ने आगे बताया लो वोल्टेज की समस्या इतनी बुरी स्थिति पहुंच गई है कि 100 वाट की बल्ब में चेहरा पहचाना मुश्किल हो गया है। ट्यूब वेल मोटर पंम्प नहीं चल पा रहे है, बिजली विभाग व्यवस्था में सुधार नहीं कर पा रहा है। क्षेत्र की जनता लगातार बिजली कटौती से निजात दिलाने और लो वोल्टेज की समस्या दूर करने की मांग कर रहे है लेकिन इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए ना तो बिजली विभाग के अफसर ध्यान दे रहे है और न ही राज्य सरकार। श्री ध्रुव ने कहा बिजली की लचर व्यवस्था से त्रस्त जनता की समस्या हो लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा 28 अप्रेल दिन सोमवार सप्ताहिक बाजार को मैनपुर दुर्गा मांच में धरना प्रदर्शन किया जायेगा इसके बाद बिजली कार्यालय का घेराव कर पुतला दहन किया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।



